OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT.P.G. (AUTO.) COLLEGE DATIA (M.P.) 475661

(उच्चशिक्षा विभाग म.प्र.शासन द्वारा मान्य उत्कृष्ट संस्थान एवं नैक द्वारा पुनः प्रत्यायित ग्रेड – बी)

Email:-pgcdatia@rediffmail.com

Website:- www.govtpgcdatia.ac.in

क्रमांक. ....

दिनांक 02.07.2021

स्वशासी प्रणाली का स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष परीक्षा कार्यक्रम घोषित

दतिया। स्थानीय शासकीय पी.जी.महाविद्यालय में स्वशासी प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक द्वितीय व प्रथम (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम.) के नियमित/भूतपूर्व परीक्षार्थियों का महाविद्यालय की बेवसाइट ...पर पेपर अपलॉड करने तथा कोविड–19 गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशानुसार विभिन्न संग्रहण केन्द्रों पर उत्तरपुस्तिकाऐं जमा करने का विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है जिसके अनुसार बी.कॉम.द्वितीय के **पेपर 6 जुलाई को बी.एससी. के 7 जुलाई को एव बी.ए.के पेपर 8 जुलाई को अपालॉड होगे।** उक्त कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाऐं विभिन्न संग्रहण केन्द्रों पर दोपहर 12 से 4 बजे तक जमा की जा सकेगीं। बी.कॉम व बी.एससी द्वितीय वर्ष की उत्तरपुस्तिकाऐं दिनांक 13 व 14 जुलाई को जबकि बी.ए.द्वितीय वर्ष की उत्तरपुस्तिकाऐं दिनांक 15 व 16 जुलाई को जमा की जा सकेगीं। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के साथ परीक्षा प्रवेशपत्र एवं परीक्षा शुल्क रसीद की फोटोप्रति जमा करना आवश्यक है।

बी.कॉम. प्रथम वर्ष के पेपर 15 जुलाई को अपलॉड होंगे जबकि बी.एससी.के पेपर 16 जुलाई को तथा बी.ए.प्रथम वर्ष के पेपर 17 जुलाई को अपलॉड होंगे। उक्त कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाऐं बी.कॉम. व बी.एससी प्रथम वर्ष 26 व 27 जुलाई को जमा होंगी जबकि बी.ए.प्रथम वर्ष की उत्तरपुस्तिकाऐं 28 व 29 जुलाई हो दोपहर 12 से 4 बजे तक विभिन्न संग्रहण केन्द्रों पर जमा होंगी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के साथ परीक्षा प्रवेशपत्र एवं परीक्षा शुल्क रसीद की फोटोप्रति जमा करना आवश्यक है।

संग्रहण केन्द्र –

1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री उत्कृष्ट स्कूल नं. 01 ठण्डी सड़क दतिया **(छात्र/छात्राओं हेतु)**
2. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नं. 02ठण्डी सड़क दतिया **(छात्र/छात्राओं हेतु)**
3. शासकीय कन्या एम0एल0बी0 हायर सेकेण्ड्री स्कूल दतिया **(केवल छात्राओं हेतु)**
4. शासकीय हाई स्कूल सिविल लाइन्स दतिया **(छात्र/छात्राओं हेतु)**
5. शासकीय हाई स्कूल होलीपुरा दतिया **(केवल बी.ए.प्रथम/द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए)**
6. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बड़ौनी जिला दतिया **(छात्र/छात्राओं हेतु)**
7. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल उनाव जिला दतिया **(छात्र/छात्राओं हेतु)**

उक्त केन्द्रों पर परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार उत्तरपुस्तिकाऐं समय–सीमा पर जमा करें। उक्ताशय की जानकारी महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ.आर.पी.गुप्ता द्वारा दी गई।

ब्यूरो चीफ

दैनिक ....कृपया जनहित में उक्त समाचार को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

डॉ.आर.पी.गुप्ता
नियंत्रक